LUCKNOW UP:राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पांचवें वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन

July 29, 2025 News Desk

Post Views: 7

धारा लक्ष्य समाचार पत्र

29 Jul 2025

लखनऊ। स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के पांचवें वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी के प्रमुख वक्ता डॉ. भरत राज सिंह , महानिदेशक ने नीति के रचनाकार डॉ. कस्तूरी रंगन के अथक प्रयासों को याद किया और इसके मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

डॉ. सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 को 29 जुलाई 2020 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया था और इसकी क्रियान्वयन योजना को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया था। उन्होंने नीति के प्रमुख मील के पत्थरों पर चर्चा की , जिनमें क्रियान्वयन योजना का अंतिम रूप, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे का विकास, राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन, समीक्षा समिति का गठन और बजट आवंटन शामिल हैं।

संगोष्ठी में संस्थान के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह ने कहा कि एस.एम.एस. राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 को पूर्णतः लागू कर रहा है और छात्रों में उत्साह के साथ परिणाम भी मिलने लगे हैं।

इस अवसर पर प्रोफ़. भरत राज सिंह , महानिदेशक, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, एसोसिएट निदेशक, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डीन-छात्र कल्याण, डॉ. अमित पोरवाल, प्रोफेसर व रजिस्ट्रार फ़िरोज़ गांधी इंस्टिट्यूट सुनीत कुमार मिश्रा, विभागाध्यक्ष, नियती गौर, डॉ. श्रृंखला श्रीवास्तव, हिमांशु मिनोत्रा, दिव्या मिश्रा, कुलदीप कटियार, अलका वर्मा, राहुल सिंह, सुनील दुबे महेंद्र मौर्या आदि ने प्रतिभाग किया।

---

https://dharalakshyasamachar.com/?p=9661